पाठ 11

# टिक-टिक चले घड़ी

9SLHJT

पिता जी मुझे हमेशा स्कूल पहुँचने में देर हो जाती है।

क्यों ? बेटी

मुझे पता ही नहीं चल पाता कि कब स्कूल जाने का समय हो गया?

अच्छा! शीला चलो बाजार से एक घड़ी खरीद कर लाते हैं।



शीला और उसके पिता जी ने बाजार जाकर एक घड़ी खरीदी।

शीला घड़ी देखकर बताओ। घड़ी की सुइयाँ कहाँ पर हैं ?

पिता जी, बड़ी सुई 12 पर और छोटी सुई 5 पर है

शीला, इस समय 5 बजे हैं।

हम कैसे जानेंगे ? पिता जी

देखो, छोटी सुई घंटे वाली है। वह 5 पर है और बड़ी सुई मिनट की है जो 12 पर है। इसका मतलब 5 बजे हैं।

अरे! यह तो बड़ा आसान है।



घर आकर दोनों फिर से घड़ी को देखते हैं।



शीला, अब घड़ी में कितने बजे हैं ?

पिता जी इस समय ठीक 6 बजे हैं।

कैसे ?

छोटी सुई 6 पर और बड़ी सुई पहले की तरह 12 पर है इसलिए ठीक 6 बजे हैं।

शाबाश! सही बताया तुमने। अब बताओ 12 बजने पर घड़ी की दोनों सुइयाँ कहाँ पर होंगी ?

पिताजी दोनों सुइयाँ 12 पर होंगी।

अरे वाह, तुमने तो घड़ी में समय देखना सीख लिया।

## देखो और लिखो, कितने बजे हैं ?



| | | |
|---|---|---|
| छोटी सुई 10 पर है। | छोटी सुई ..... पर है। | छोटी सुई ..... पर है। |
| बड़ी सुई 12 पर है। | बड़ी सुई ..... पर है। | बड़ी सुई ..... पर है। |
| 10 बजे हैं। | ..... बजे हैं। | ..... बजे हैं। |

## समय के अनुसार घड़ी में घंटा व मिनट की सुइयाँ बनाओ–



9 बजे     1 बजे     3 बजे




घड़ी को देखो, जहाँ अंक लिखे हैं इसे डायल कहते हैं। डायल 12 बराबर भागों में बँटा है। प्रत्येक भाग में 5 बराबर खाने हैं। इस तरह कुल 60 खाने हैं। हर एक खाना, एक मिनट का होता है। इस तरह 12 से 1, 1 से 2..... प्रत्येक दो लगातार अंकों के बीच 5 मिनट होते हैं। सामने घड़ी को देखो। इस समय घड़ी में 6 बजकर 10 मिनट हैं।






क्या तुमने घड़ी की सुइयों को घूमते देखा है –

- मिनट की सुई डायल का एक पूरा चक्कर, एक घंटा या 60 मिनट में लगाती है।
  1 घंटा = 60 मिनट
- घंटे की सुई 24 घंटे में डायल के पूरे दो चक्कर लगाती है।
  1 दिन = 24 घंटे
- कुछ घड़ियों में एक पतली सुई भी होती है, जो सबसे तेज चलती है। यह सेकंड की सुई है। यह 1 मिनट में डायल का एक पूरा चक्कर लगाती है।
  1 मिनट = 60 सेकंड

## अब तुम समय देखो–



| | | |
|---|---|---|
| 7 बजकर 15 मिनट | 8 बजकर ...... मिनट | ...... बजकर ..... मिनट |
| सवा सात | साढ़े आठ | पौने आठ |

अब तुम नीचे बनी तालिका को पूरा करो –

| घंटा सुई | मिनट सुई | कितने बजे? |
|---|---|---|
| 12 से आगे | 1 पर | 12 बजकर 5 मिनट |
| 5 से आगे | 3 पर | .................... |
| 8 से आगे | 9 पर | .................... |
| 10 और 11 के बीच | 6 पर | .................... |

## हमने सीखा

- छोटी सुई घंटा और बड़ी सुई मिनट बताती है।
- 12 बजे रात के ठीक बाद से अगली रात के 12 बजे तक एक दिन होता है।
- 1 दिन = 24 घंटे।
- 1 घंटा = 60 मिनट
- 1 मिनट = 60 सेकेंड

## अभ्यास

1. खाली जगह भरो


(क) तुम सुबह कितने बजे सोकर उठते हो ? ..............

(ख) तुम्हारे विद्यालय में कितने बजे छुट्टी होती है ? ..............

(ग) तुम कितने बजे खेलने जाते हो ? ..............

(घ) तुम कितने बजे पढ़ने बैठते हो ? ..............

2. घड़ियों के नीचे समय लिखा है। घड़ियों में सुइयाँ बनाकर नीचे लिखा हुआ समय दिखाओ–



11 : 00 3 : 05 12 : 20 06 : 45

3. एक सप्ताह में कितने घंटे होते हैं ? ..............

4. तीन घंटे में कितने मिनट होते हैं ? ..............







## मानसिक अभ्यास

1. एक से 9 तक की संख्याओं से गोले को इस प्रकार पूरा करो कि हर एक पंक्ति का जोड़ समान हो। कोई संख्या दोहरानी नहीं है।

- चित्र 1 में हर पंक्ति का जोड़ 25 है। इसी तरह से कुछ संख्याओं को लेकर दूसरे चित्र के साथ करो।



चित्र 1



चित्र 2

2. 11 तीलियाँ लेकर आकृति के अनुसार सजाओ।



- अब आकृति से केवल 3 तीलियाँ उठाकर इस प्रकार रखो कि दो वर्ग बन जाएँ।

3. घड़ी की संख्याओं को इस तरह 3 हिस्सों में बाँटो कि हर भाग में आने वाली संख्याएँ का जोड़ बराबर हो।

- एक हिस्सा बाँटकर दिखाया गया है।

